IT सक्षम युवा योजना

चर्चा में क्यों?

हाल ही में हरियाणा सरकार ने **युवा सशक्तीकरण और रोज़गार** को बढ़ावा देने के लिये **IT सक्षम युवा योजना वर्ष 2024** शुरू की है। इस योजना का लक्ष्य पहले चरण में 5,000 युवाओं को रोज़गार प्रदान करना है।

मुख्य बिंदु:

- यह योजना व्यापक **'मिशन 60,000'** का हिस्सा है। इसकी घोषणा वर्ष 2024-25 के बजट भाषण के दौरान की गई थी और इसका **उद्देश्य गरीब परिवारों के कम-से-कम 60,000 युवाओं को रोज़गार प्रदान करना है।**
- इस योजना के अंतर्गत, **IT पृष्ठभूमि वाले स्नातक और स्नातकोत्तर आवेदक हरियाणा IT कार्यक्रम में भाग लेंगे,** जो कि विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया एक **अल्पकालिक पाठ्यक्रम** है, जो न्यूनतम तीन महीने का होगा।
- IT सक्षम युवा योजना में भाग लेने वालों को **पहले छह महीनों के लिये 20,000 रुपए का मासिक पारिश्रमिक मिलेगा,** जो नियोक्ता संस्थाओं द्वारा **सातवें महीने से बढ़कर 25,000 रुपए** हो जाएगा।
- यदि कोई 'IT सक्षम युवा' **नियुक्ति हासिल करने में असमर्थ है,** तो **सरकार प्रतिमाह 10,000 रुपए का बेरोज़गारी भत्ता प्रदान करेगी**
- इस योजना के लिये प्राथमिक **प्रशिक्षण एजेंसियाँ** हरियाणा राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड (Haryana State Electronics Development Corporation Ltd.- HARTRON), **हरियाणा नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (HKCL) और** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय (Shri Vishwakarma Skill University- SVSU) **हैं।**
- राज्य विश्वविद्यालय के रूप में **SVSU,** हरियाणा कौशल विकास मिशन (Haryana Skill Development Mission- HSDM) द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार **अभ्यर्थियों को पूर्णता प्रमाण-पत्र जारी** करेगा।

हरियाणा कौशल विकास मिशन (Haryana Skill Development Mission- HSDM)

- इसकी **स्थापना मई 2015 में** राज्य सरकार द्वारा की गई थी।
- इसका उद्देश्य **युवाओं को** हरियाणा और भारत के **आर्थिक एवं सर्वांगीण विकास में भाग लेने के लिये सशक्त बनाना** है।
- यह **विभागों में कौशल विकास योजनाओं को तैयार करने और संचालित करने के लिये** सरकार के भीतर संपर्क का एकल बिंदु है।
- हरियाणा कौशल विकास मिशन (HSDM) एक **एकीकृत मिशन के रूप में कार्य करता है** जो राज्य के कौशल विकास लक्ष्य को प्राप्त करने में **विभिन्न राज्य विभागों के प्रयासों को जोड़ता** है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/it-saksham-yuva-scheme